तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 30 अक्टूबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं



10 करंट से हाथियों की मौत मामले में बिजली ...



## खबर संक्षेप

### कलेक्टोरेट परिसर में लगा बिहान बाजार

**बेमेतरा।** दीपावली पर्व पर संयुक्त कार्यालय एवं कलेक्टोरेट में लगाए गए एक दिवसीय बिहान बाजार में कलेक्टर रणबीर शर्मा सहित जिला अधिकारियों-कर्मचारियों वह स्थानीय नागरिकों एवं आसपास से कामकाज के सिलसिले आए ग्रामीणों और ने बिहान दीदियों द्वारा हाथों से बनाई गई सामग्रियां खरीदी। इस बिहान बाजार में दीया, रूई की बाती, लक्ष्मी-गणेश भगवान आदि की पोशाक, आर्टिफिशियल ज्वेलरी और सजावटी सामान के भी स्टॉल लगाए गए थे, जिनकी काफी मांग ग्राहकों में हुई। बिहान बाज़ार में विभिन्न सामग्रियों की बिक्री हुई कुछ आर्डर बिहान दीदियों को मिला। स्व-सहायता समूह की महिलाएं लगाए गए बिहान बाजार में बिक्री से काफी खुश थी। इस बिहान बाजार में बेमेतरा विकासखण्ड से लगभग 5-6 समूह महिलाओं द्वारा अपने हाथों से बनी सामग्री से लेकर घरेलू सामग्री और सजावटी सामानों के स्टॉल लगाए थे। इन समूह स्टॉलों से अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा भी दीपावली के उपयोग में आने वाले की पूजा सामग्री खरीदी। इसके अलावा, गणमान्य नागरिकों ने भी अपने जरूरत की सामग्री बिहान बाजार से खरीदी। समूह की महिलाओं का कहना है कि आज धनतेरस होने के कारण स्थानीय बाजार (मार्केट) होने से काफी लोग नहीं आए। एक दिवसीय बिहान बाज़ार का आयोजन प्रात 11 बजे से प्रारम्भ हुआ।

### बम्हनी में मातर मेला व अखाड़ा प्रदर्शन 4 को

**बालोद/निकुम।** ग्राम बम्हनी में 4 नवम्बर को मातर मेला व दोपहर 2 बजे स्थानीय टीम जय बजरंग दल द्वारा अखाड़ा का प्रदर्शन किया जाएगा। ग्राम समिति प्रमुख रामसाय देवांगन ने बताया कि शाम को गौठान में खीर प्रसादी बांटी जाएगी। रात्रि 9 बजे बरही सांकरा नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### हमला करने वाले आरोपियों को 10-10 साल की सजा

**भिलाई।** प्राण घातक हमला करने वाले पांच आरोपियों को न्यायालय दुर्ग ने 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मिली जानकारी के मुताबिक द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश दुर्ग प्रशांत पाराशर की न्यायालय ने आरोपियों को धारा 307 के तहत 10-10 वर्ष सश्रम कारावास, धारा 506(2) के तहत 7-7 वर्ष सश्रम कारावास, धारा 147 के तहत 2-2 वर्ष का कारावास और धारा 294 के तहत 3-3 माह की सजा सुनाई है। आदेश गोड़ ने 23 अप्रैल 2024 को कुम्हारी पुलिस थाने में शिकायत किया था कि उसका बेटा विक्की गोड़, रिश्तेदार अब्बू नेताम बाजार चौक कुम्हारी मार्केट के पास स्थित सुलभ शौचालय में नहाने गया हुआ था। इस दौरान आरोपी पवन बेलदार, बट्टू बेलदार, अमन बेलदार, समीर बेलदार, राजू बेलदार मौके पर पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करना शुरु कर दिया। जब पीड़ित ने गाली गलौज देने से मना करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी।

### मुक्तिधाम के मजदूरों की फीकी रहेगी दिवाली

**भिलाई।** भिलाई नगर निगम के रामनगर मुक्तिधाम में काम करने वाले निगम के प्लेसमेंट मजदूरों की दिवाली फीकी रहेगी। त्योहार आ पहुंचा लेकिन दिवंगतों को मुक्ति मार्ग पहुंचाने वाले गरीब श्रमिकों को वेतन दिलवाने के लिए निगम प्रशासन पूरी तरह अकमर्ण्य बना हुआ है। इससे उनमें निराशा और असंतोष है। ठेका मजदूरों ने चेताया है कि 30 अक्टूबर तक वेतन नहीं मिला तो 31 अक्टूबर को निगम मुख्यालय के गेट के सामने धरना देने मजबूर होंगे। मुक्तिधाम में एक डोम सहित 14 प्लेसमेंट कर्मी यानी ठेका मजदूर है, जो मुक्तिधाम में चिता की लकड़ी जमाने में सहयोग से लेकर राख की सफाई से लेकर मुक्तिधाम की सफाई आदि का काम करते हैं।

बाजार

**ज्वेलर्स, व्हीकल, इलेक्ट्रॉनिक, कपड़े, बर्तन सहित अन्य दुकानों में सुबह से रही भीड़**

# धनतेरस पर बाजार में बरसा धन, खरीदी के लिए उमड़ी भीड़, करोड़ों का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पांच दिनों तक मनाया जाने वाला त्योहार दीपावली मंगलवार को धनतेरस के साथ शुरू हो गया। त्योहार के पहले दिन धनतेरस पर लोगों ने जमकर खरीदी की, जिसके कारण जिला मुख्यालय में पूरे बाजार में सुबह से लेकर देर रात तक लोगों की चहल पहल रही और दिनभर जमकर धन बरसा। धनतेरस पर जिले में करोड़ों के कारोबार होने की बात कही जा रही है। व्यवसायिक केंद्रों में खरीदारी करने लोग जुटे रहे। सुबह से लेकर देर रात तक बाजार में ग्राहकों की भीड़ रही। लोगों ने आवश्यकता और मान्यताओं को लेकर सामानों की खरीदारी की। वहीं, शाम को धनतेरस पर्व पर घरों के सामने गेहूं के आटे का दीपक जलाकर पूजा अर्चना के बाद आशीर्वाद लिया।

मंगलवार को धनतेरस के दिन आम जनों में उत्साह का माहौल जहां रहा, वहीं सोने-चांदी के सिक्के, जेवरात, श्री लक्ष्मी व गणेश की मूर्ति की खूब बिक्री हुई। बर्तन दुकान, इलेक्ट्रॉनिक प्रतिष्ठान, वाहनों के शोरूम में भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। पूजा सामान व अन्य सामग्रियों की खरीदी के लिए भी लोग बाजार पहुंचे। ज्यादातर लोगों ने पहले से ही बुकिंग कराए गए सामान अपने घर ले गए, धनतेरस के दिन बाजार में करोड़ रुपए के कारोबार होने का अनुमान है।

### ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई परेशान रहे आमजन

जिला मुख्यालय प्रमुख व्यवसायिक केंद्र होने के कारण हर छोटी बड़ी सामग्री सुलभ रूप से बाजारों में उपलब्ध रहती है। इसके कारण शहर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों की संख्या में ग्राहक परिवार के साथ बाजार में पहुंच कर जमकर त्योहारी खरीदी करते हैं। लेकिन शहर आने पर उन्हें सामानों की खरीदी करने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है, क्योंकि शहर के हर व्यावसायिक केंद्रों में आवागमन जाने आने के लिए सुगम आवागमन सुचारू रूप नहीं मिल पाता। इससे ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाती है। व्यापारियों की मनमानी पूर्वक दुकानों की सीमा से हट कर सामानों को बाहर निकालकर मार्ग को छोटा कर दिया जाता है। वहीं पार्किंग के अभाव में आम जन भी अपने वाहनों को लेकर बाजारों में घुस जाते हैं, जिसके कारण हर तरफ ट्रैफिक जाम हो जाता है। समय पहले यातायात विभाग ठान ले, तो त्यौहारों पर सुगम आवागमन सुचारू रूप से हो सकता है।





### कपड़े की अधिकतर दुकानों में दिनभर रही भीड़

शहर की हर रेडीमेड कपड़े की दुकान में ग्राहकों की भीड़ रही। कपड़ों की दुकान में दिनभर बिक्री होती रही। दुकानदारों ने कहा कि सबसे अधिक बच्चों और महिलाओं के फैशनेबल कपड़े बाजार में ज्यादा चल रहे हैं वहीं ठंड की आहट से गर्म कपड़े भी खरीदे जा रहे हैं। पिछले साल के मुताबिक इस साल कारोबार का आंकड़ा अधिक रहा। इसी तरह धन्वंतरि की पूजा की गई। धनतेरस के अवसर पर घर की महिलाओं ने घर के बाहर चौका पूर कर मिट्टी या गेहूं के आटे के दीपक बनाकर पूजा की। उसके बाद दीप प्रज्ज्वलित किए।

### सुबह से पहुंचने लगे थे ग्राहक

धनतेरस पर खरीदी के लिए ग्रामीण क्षेत्र के लोग सुबह से ही जिला मुख्यालय पहुंच गए थे। इस दौरान कुछ दुकानें नहीं खुली थीं, लेकिन लोग दुकान खुलने का इंतजार करते रहे। बाजार धीरे-धीरे जैसे-जैसे खुलता गया, लोगों की भीड़ बढ़ती गई। इसके साथ ही खरीदी का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह देर रात तक जारी रहा।इसमें सर्वाधिक खरीदी सोने चांदी की विभिन्न गहनों की बिक्री हुई, जिनमें अंगूठी, चैन, मंगलसूत्र सहित चांदी और सोने के सिक्के की मांग अधिक बनी रही। बर्तन में पीतल से बने विभिन्न बर्तनों की मांग अधिक रही जबकि पूजा में उपयोग आने वाले सामानों के भी खरीदी लोगों ने की। इसके अलावा लोगों ने अपनी पसंद के विभिन्न दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाले इलेक्ट्रॉनिक सामानों की खरीदी की। इसके अतिरिक्त कपड़ों की दुकानों एवं विभिन्न कंपनी के मोटरसाइकिल की शोरूम में भी लोगों ने शुभ मुहूर्त पर वाहन की खरीदी की। कुछ लोगों ने पहले से ही वाहन को पसंद करके उसे बुक कर लिया था। धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर राशि का भुगतान कर वाहन को ले गए, उसके बाद उसकी पूजा की। इसके अलावा पूजा की सामग्री की भी खरीदे जिसमें बताशा, लाई और अन्य सामान शामिल हैं।

## धनतेरस पर भी डटे रहे आंदोलनकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पथर्रा में एथेनाल प्लांट बंद करने का ग्रामीण जनों आंदोलन सैंतीसवां दिन हो गया है।

- एथेनाल प्लांट बंद कराने धरनास्थल पर ही जलाया दीया

धनतेरस के दिन भी आंदोलन जारी रहा। आंदोलन स्थल पर धनतेरस पर छत्तीसगढ़िया संस्कृति सुवा नाचा के साथ आरम्भ किया गया। ग्रामीणों का कहना है दीपावली की खरीदारी के बाद भी आंदोलन यथावत जारी है।

एथेनाल प्लांट बंद कराने की इस क्षेत्र में जैसे धुन और जुनून दिखाई दे रहा है। आंदोलनकारियों ने आव्हान किया है कि सभी लोग धरना स्थल पर एक दिया एथेनाल प्लांट बंद करने के लिए अवश्य जलाएं। इस समय लोग आंदोलन के प्रारंभ होने की प्रतीक्षा में घंटों इंतज़ार करते बैठे रहते हैं। दीपावली के उपलक्ष्य में यहां छत्तीसगढ़ी परम्परा का कार्यक्रम पंडवानी का भी आयोजन किया जा रहा है। आंदोलनकारियों ने बताया है कि प्लांट को प्रारंभ करने के लिए दिए गए अनापत्ति और अनुमति दस्तावेज में गंभीर अनियमितता की गई है। आंदोलनकारी किसान घनाराम निषाद, हीरालाल साहू, चंदन साहू रमेश साहू आदी ने बताया कि प्रबंध संचालक द्वारा शपथ में भी झूठी जानकारी दी गई है, जिसके सत्यापित दस्तावेज उनके पास मौजूद है, जिसे जांच अधिकारी के पास जांच के लिए जमा किया गया है। इसी तरह की गंभीर अनियमितता पथर्रा और रांका के भूमि डायवर्सन के दस्तावेजों में है। इसकी प्रतिलिपि जांच अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जा चुकी है। ग्रामीण आबादी के पास कृषि भूमि पर पर्यावरण के सारे माप दंड को दरकिनार कर, शासन प्रशासन द्वारा गंभीर अनियमितता करके इस प्लांट को जिस तरह खोला गया है, उसका विरोध है।

### 16 किलो गांजा के साथ तस्कर पकड़ाया, कार जब्त

**बालोद।** कार में पुलिस विभाग की प्लेट और सायरन लगाकर गांजा की तस्करी के आरोप में बालोद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 8 अलग-अलग पैकेट में कुल 16 किलो 39 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। वहीं, गांजा तस्करी में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया गया है। नशे के विरुद्ध अभियान के तहत अंतरजिला गांजा तस्कर को 16 किलोग्राम गांजा सहित इनोवा कार जब्त किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 अक्टूबर को मुखबीर की सूचना पर थाना बालोद और साइबरसेल टीम द्वारा सूचना के आधार पर दैहान जंगल दुर्गा मंदिर के पास जाकर एनएच 930 में नाका बंदी कर दुर्ग बालोद की ओर से आने वाले वाहनों की जांच की।

## मतदाता सूची का किया गया प्रारंभिक प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी विधानसभा की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 अंतर्गत विधानसभा की मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 को किया गया, जिस पर दावा आपत्ति 28 नवम्बर 2024 तक प्राप्त की जायेगी। इस संबंध में राजनीतिक दलों की बैठक लेकर उन्हे जानकारी दी गई तथा निर्वाचक नामावली की एक सेट हार्ड एवं सॉफ्टकॉपी निःशुल्क प्रदाय की गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 01 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नये मतदाताओं से फार्म 6 प्राप्त कर नाम जोड़ने की कार्यवाही की जायेगी। मतदाता सूची से नाम विलोपन के लिए प्रारूप 7 तथा मतदाता सूची में प्रविष्टि को अन्यत्र रखने एवं प्रविष्टि में सुधार के लिए प्रारूप 8 भर सकते हैं। मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आनलाईन सुविधा भी प्रदान की गई है। नागरिक निर्धारित प्रारूप में वोटर सर्विस पोर्टल में स्वयं आवश्यक दस्तावेजों सहित आनलाईन आवेदन कर सकते हैं तथा ई-इपिक भी डाउनलोड कर सकते हैं। यदि मोबाईल नं. दर्ज नहीं है, तो फार्म 8 के माध्यम से संशोधन के माध्यम से मोबाईल नं. दर्ज कराकर ई-इपिक डाउनलोड कर सकते हैं।

- 29 नवम्बर तक जुड़ेंगे नाम

इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए टोलफ्री नं. 1950 में कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है। दावा-आपत्ति प्राप्त करने के लिए मतदान केन्द्रों में अभिहित अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जहां 28 नवम्बर 2024 तक फार्म भरे जा सकते हैं। 09, 10 एवं 16, 17 नवम्बर को मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर लगेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी राजनैतिक दलों एवं नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

## श्री राम मंदिर ट्रस्ट की संपत्ति की सुरक्षा के लिए बुलाएं बैठक : प्रमोद शास्त्री

**बेमेतरा।** श्री राम मंदिर ग्राम मजगाँव व बेमेतरा के ट्रस्टी आचार्य पंडित प्रमोद शास्त्री महाराज ने जारी बयान में कहा है कि श्री राम मंदिर ट्रस्ट का गठन किया जाना आवश्यक है, ताकि मंदिर की व्यवस्थाएं और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ट्रस्ट के प्रबंधन में पारदर्शिता की कमी है और लंबे समय से बैठकें नहीं बुलाई गई हैं, जिससे आय-व्यय का कोई स्पष्ट हिसाब नहीं दिया गया है। श्री शास्त्री ने सुझाव दिया कि श्रीराममंदिर ट्रस्ट में अच्छे और जिम्मेदार लोगों को जोड़ा जाना चाहिए, ताकि मंदिर सुरक्षित रह सके। उन्होंने कलेक्टर से अपील करते हुए कहा कि वे 100 एकड़ जमीन और 45 दुकानों से प्राप्त आमदनी के सही उपयोग का संज्ञान लें और यह सुनिश्चित करें कि इसका उचित प्रबंधन हो।



### पैरा जलाएं नहीं, गौशाला में दान करें

इसके अलावा उन्होंने कहा कि आगामी 1 नवंबर को दिवाली के अवसर पर नवम्बर के महीने में अन्नकूट गोवर्धन पूजा और गोपाष्टमी पर गायों की विशेष पूजा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने आम जनता से विशेष सहयोग की अपील की, ताकि गोरक्षा और गायों के संरक्षण को और सुदृढ़ किया जा सके। श्री शास्त्री ने पराली के विषय में बताते हुए कहा कि जो किसान पैरा को जलाते हैं, धान काटने के बाद उसको ना जलाएं, बल्कि गौशाला को सूचित कर दें गौशाला वाले उठा लेंगे या गौशाला तक पहुंचाएं जिससे गौ माता को चारा उपलब्ध हो सके।

## ग्राम पंचायत टेढ़ी में भ्रष्टाचार की जांच में देरी पर आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत टेढ़ी के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर पंचायत में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इसकी जांच में देरी को लेकर विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत टेढ़ी के सरपंच ने विकास कार्यों में लाखों रुपए का गबन किया है। इस मामले में जिलास्तरीय जांच टीम का गठन किया गया है, लेकिन जांच कार्य में अनावश्यक देरी होने से ग्रामीणों में असंतोष बढ़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर उचित कार्रवाई न होने के कारण भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं और पंचायत के विकास कार्यों में बाधा आ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की है, ताकि दोषियों पर उचित कार्रवाई की जा सके। ज्ञात हो कि जिलास्तरीय टीम द्वारा जांच के लिए ग्राम पंचायत टेढ़ी दौरा किया गया था, लेकिन सरपंच सचिव की गैर-मौजूदगी में जांच नहीं हो पाया। इस दौरान तोषु वर्मा, रोहित, राजकुमार, रमेश, भूपेन्द्र सिंह, ओंकार, जलेश्वर, रामेश्वर, रामवतार, रोहित साहू, पीलु, रामस्वरूप, गोरे लाल, खिलेन्द्र, संजय, दुखित, डेरहा, परदेशी आवेदन सौंपने कलेक्टोरेट पहुंचे।

- ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर जताया विरोध, शीघ्र जांच की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम**

# देश की एकता के लिए लोगों ने लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर मंगलवार एकता दौड़ का आयोजन किया गया। विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल ने एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

- विधायक दीपेश ने राष्ट्रीय एकता व अखंडता की दिलाई शपथ

देश की एकता और अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ज़िला मुख्यालय के जय स्तम्भ चौक से एकता दौड़ की शुरुआत की गई। एकता दौड़ शहर के मुख्य चौराहों, बाजारों से होकर जय स्तम्भ चौक पर पहुँचकर ही समाप्त हुई। एकता दौड़ में विधायक दीपेश साहू, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका विजय सिन्हा, राजेन्द्र शर्मा, मोंटी साहू, जनप्रतिनिधि, नगर के नागरिकों सहित अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल हुए। मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के राष्ट्रीय एकता, अखंडता के लिए किए गए कार्यों को स्मरण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और बच्चों को सत्यनिष्ठा से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और देशवासियों के बीच इस संदेश को फैलाने का हर सम्भव प्रयास करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, राजेन्द्र शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर एडीएम प्रकाश भारद्वाज, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।



हरिभूमि

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# करंट से हाथियों की मौत मामले में बिजली अफसर के खिलाफ पीओआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायगढ़ वनमंडल के घरघोड़ा वनपरिक्षेत्र के चुहकीमार नर्सरी में तीन हाथी शावक, जिसमें एक एलू मदर थी की करंट से मौत के मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए वन अफसरों से जवाब मांगा है। हाथी शावकों की मौत मामले में रायगढ़ डीएफओ स्टाइलो मंडावी ने एक डिप्टी रेंजर तथा एक फारेस्ट गार्ड को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। इसके ही मामले की गंभीरता को देखते हुए वन डीएफओ के निर्देश पर बिजली विभाग के एक जेई तथा अन्य के खिलाफ पीओआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि पिछले सप्ताह घरघोड़ा में तीन हाथी शावकों की 11 केवी लाइन के चपेट में आने से मौत हुई थी। 11 केवी वायर के टूटकर गिरने से हाथी शावकों की मौत हुई थी। हाथियों की मौत मामले की प्रारंभिक जांच में बिजली विभाग की लापरवाही पाई गई थी। साथ ही बिजली तार निचे लटक रहा था। इस बात की जानकारी डिप्टी रेंजर तथा फारेस्ट गार्ड द्वारा अपने अफसरों के अलावा बिजली विभाग के अफसरों को नहीं देने पर निलंबन की कार्रवाई की गई। रायगढ़ डीएफओ के मुताबिक मामले की पड़ताल की जा रही है। जांच में जो लोग दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### हाईकोर्ट ने हाथी की मौत मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए जवाब मांगा

#### बिजली विभाग भी हाथी अलर्ट एप में

रायगढ़ वनमंडल में एक साथ तीन हाथियों की करंट से मौत होने की घटना को वन विभाग ने भी गंभीरता से लिया है। वन मुख्यालय के निर्देश पर हाथी प्रभावित क्षेत्र में बिजली विभाग के अफसरों को हाथी अलर्ट एप में जोड़ा जाएगा। इससे हाथियों की मूवमेंट की जानकारी उन्हें भी मिलती रहे।



- करंट की चपेट में आने से एलू मदर सहित तीन हाथी शावकों की हुई थी मौत
- डिप्टी रेंजर, फारेस्ट गार्ड निलंबित

#### हाईकोर्ट के संज्ञान में लेने के बाद हरकत में विभाग

हाथी शावकों की करंट से मौत मामले में हाईकोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान में लेने के बाद विभागीय अफसर मामले की जांच में तेजी लाए हैं। रायगढ़ डीएफओ के मुताबिक हाथियों की करंट से मौत होने की जानकारी मिलने के तत्काल बाद 26 अक्टूबर को डिप्टी रेंजर तथा फारेस्ट गार्ड को निलंबित करने की बात कह रहे हैं।

#### परिवार को साथ लेकर चलने वाली होती है एलू मदर

करंट की चपेट में आने से जिन तीन हाथियों की मौत हुई है। वो तीनों मादा हाथी है। इनमें एक ढाई साल की मादा हाथी है। मृत हाथियों में एक 12-13 साल की मादा शावक है। हाथी परिवार में मादा शावक की उम्र 12-13 साल की होती है तो वह अपने परिवार को साथ लेकर चलने के साथ हाथी परिवार में शामिल अन्य शावक हाथियों के केयर करने के साथ उनकी देख-रेख करने का काम करती है। व्यस्क होने के बाद एलू मदर हाथी परिवार की मुखिया बनती है।

## खबर संक्षेप

### आश्रय वृद्धाश्रम में मनाया 'सबकी दिवाली' उत्सव

**रायपुर**। हेल्पेज इंडिया द्वारा श्याम नगर स्थित आश्रय वृद्धाश्रम में सोमवार को सबकी दिवाली उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हेल्पेज इंडिया के राज्य प्रमुख शुभांकर बिस्वास, वृद्धाश्रम के सभी निवासी, हेल्पेज इंडिया के स्टॉफ, कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय के मास्टर ऑफ सोशल वर्क के विद्यार्थी और सहित 50 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इसी दौरान वरिष्ठजनों के साथ मिलकर दिवाली की खुशियों का आदान-प्रदान किया गया। इस विशेष अवसर पर हेल्पेज इंडिया की ब्रांड एंबेसडर शर्मिला टैगोर का एक विशेष वीडियो मैसेज प्रस्तुत किया, जिसका विषय, सबकी दीवाली किसी वरिष्ठ नागरिक के लिए रोशनी बने, बदलाव लाए। यह संदेश लोगों को प्रेरित करेगा कि वे वरिष्ठजनों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास करें और दिवाली के असली अर्थ को समझें। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों के साथ रंगोली बनाई। दीयों की जगमगाहट से पूरा वृद्धाश्रम जगमगाने लगा और बॉलिंग गेम एवं म्यूजिकल गेम्स के माध्यम से सभी को उत्साह से भर दिया। यह आयोजन वरिष्ठजनों के लिए न केवल एक त्योहार था, बल्कि उनके जीवन में खुशियों का नया अनुभव भी था।

### दिव्यांगजनों को बांटी मिठाई, पटाखे भी दिए

**रायपुर**। सक्षम सेवा संस्थान द्वारा सभी दिव्यांग बंधुओं और उनके परिजनों को दिवाली की शुभकामनाओं के साथ मिठाई और पटाखे उनके घर जाकर दिए। साथ ही उनकी समस्याओं की जानकारी सुनी और दिव्यांग बच्चों के साथ फूलझड़ियां जलाकर दिवाली की खुशियां मनाईं। इस मौके पर सदस्यों ने दिव्यांगजनों को होरीलाल यादव के साथ उनकी संस्था दिव्यांगजनों को दी जा रही निशुल्क कोचिंग के बारे में बात की गई। इसी प्रकार सक्षम के लगने वाले शिविर में उनके योगदान की बात की गई। इस अवसर पर अविनाश चटर्जी, सुभाष जंघेल, डॉ. संगीता कश्यप, डॉ. विनय टंडन, मधुकर राव आदि उपस्थित रहे।

### वैशाली को पीएचडी

**रायपुर**। मैट्स यूनिवर्सिटी ने वैशाली बिसेन को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय अंग्रेजी, संकाय कला और मानवता तथा थीसिस का शीर्षक 'विजय तेंदुलकर और गिरीश कर्नाड के चुनिंदा नाटकों में महिला पात्रों का प्रतिनिधित्व : एक तुलनात्मक अध्ययन' था। उन्होंने अपना शोधकार्य अंग्रेजी विभाग की पर्यवेक्षक डॉ. सारिका सिन्हा के मार्गदर्शन में किया है।

### सिख समाज ने परलीन का किया सम्मान

**भिलाई**। सोमवार को यूथ सिख सेवा समिति दौरा में प्रेसिडेंट इंदरजीत सिंग (छोटू) के एचटीसी आफिस में परलीन कौर पिता प्रकाश सिंग जो कि एशियाई गेम में आर्म रसलिंग में गोल्ड लाकर पूरे सिख समाज का एवं अपने पिता प्रकाश सिंघ का नाम रौशन किया है। आज हमारी समिति वायएसएसएस परलीन कौर का उत्कृष्ट प्रतिभा सम्मान मोमेंटो देकर हौसला बढ़या गया और भविष्य में कोई भी जरूरत में परलीन कौर के साथ खड़े रहने का वादा किया गया।

## गिनती की जगहों पर ट्रैफिक पुलिस के जवान ट्रैफिक कंट्रोल करते दिखे

# भरे त्योहारी सीजन में बाजार से ट्रैफिक पुलिस नदारद, व्यवस्था अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दीपावली पर्व को देखते हुए पुलिस के साथ ट्रैफिक पुलिस ने शहर के प्रमुख बाजारों में निगरानी करने के साथ ट्रैफिक मैनेज करने के बड़े-बड़े दावे किए हैं। ट्रैफिक पुलिस के दावों की पड़ताल करने हरिभूमि की टीम शहर के अलग-अलग क्षेत्रों की पड़ताल करने निकली, तो कुछ अलग ही नजारा देखने को मिला। शहर के ज्यादातर बजारों से ट्रैफिक पुलिस गायब मिली। कुछ स्थानों पर जरूर ट्रैफिक के जवान ट्रैफिक कंट्रोल करते दिखे।

शहर के प्रमुख बाजारों में पुष्य नक्षत्र के बाद रविवार से भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। रविवार को अवकाश होने की वजह से शहर के प्रमुख बाजारों में खरीदी करने वालों की बेतहाशा भीड़ थी। दूसरे दिन धनतेरस की पूर्व संध्या पर कमोबेश उसी तरह की भीड़ देखने को मिली। इधर ट्रैफिक पुलिस धनतेरस के पूर्व ही बाजार में जाम लगने से मुक्ति दिलाने उपाय करने का दावा कर रही थी।

#### जयस्तंभ चौक - शाम 4 बजे

जयस्तंभ चौक पर शाम चार बजे ट्रैफिक सिग्नल के माध्यम से ट्रैफिक कंट्रोल किया जा रहा था। चौक पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा होने की वजह से चौक पर एक ट्रैफिक जवान ट्रैफिक कंट्रोल करते दिखा। शारदा चौक से फूल चौक मार्ग संकरा होने की वजह से इस मार्ग पर ट्रैफिक जवान ट्रैफिक व्यवस्था संभालते दिखे।

### हरिभूमि की टीम ने बाजार का जायजा लिया तो पाया कार, ई-रिक्शा की वजह से लोग ट्रैफिक जाम में फंस रहे



#### कटोरातालाब शाम 4.15 बजे

कटोरातालाब, नेताजी चौक के पास से राजेंद्र नगर जाने वाले मार्ग पर दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामान निकालने की वजह से इस मार्ग पर जाम की स्थिति रही। इस पूरे मार्ग पर एक भी ट्रैफिक पुलिस के जवान ट्रैफिक कंट्रोल करते नजर नहीं आए।

#### एवरग्रीन चौक, बैजनाथपारा - शाम 4.30 बजे

एवरग्रीन चौक तथा बैजनाथपारा बाजार में शाम के समय खरीदारी करने वालों की भारी भीड़ रही। इस व्यस्त बाजार में भी दुकानदार सड़कों पर सामान निकालकर बेचते दिखे, जिसमें जूता तथा कपड़ा के कारोबारी ज्यादा थे। खरीदारी करने वाले दुकान के अंदर जाने के बजाय रोड पर खड़े होकर खरीदारी कर रहे थे। इस वजह से इस मार्ग पर पैदल चलना दूभर था। इस बाजार में भी ट्रैफिक पुलिस के जवान नदारद दिखे।

#### मालवीय रोड शाम 4.40 बजे

मालवीय रोड पर कहीं पर भी ट्रैफिक पुलिस के जवान नहीं दिखे। इस पूरे मार्ग पर रुक-रुककर जाम की स्थिति निर्मित होती रही। मालवीय रोड पर जाम लगने का प्रमुख कारण कार तथा ई-रिक्शा है। ई-रिक्शा के चालकों द्वारा भीड़ भरे मार्ग में बीच रास्ते पर रिक्शा खड़ा कर सवारी बैठाते दिखे। कुछ इसी तरह का हाल एमजी रोड पर भी देखने को मिला।

#### पुरानी बस्ती, लाखेनगर शाम 5 बजे

पुरानी बस्ती में ट्रैफिक का दबाव कम था। थाना के सामने जाम लगने की वजह से ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती है। इससे निपटने थाना के सामने ट्रैफिक पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। लाखेनगर जाने वाले मार्ग पर मालवीय रोड, एमजी रोड तथा कटोरातालाब की तरह भीड़ नहीं थी, लेकिन कार तथा ई-रिक्शा वालों की वजह से जाम की स्थिति निर्मित होती रही।

# वन्यजीव बोर्ड का गठन तीन विधायक शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- धर्मजीत, अटामी और गोमती को शामिल किया गया

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड का गठन किया गया है। इस बोर्ड में तीन विधायकों धर्मजीत सिंह, चैतराम अटामी, और गोमती साय को शामिल किया गया है। इनके अलावा अन्य अशासकीय संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले तीन सदस्य, ख्यातिप्राप्त संरक्षणविदों, परिस्थितिकीय एवं पर्यावरणविदों का प्रतिनिधितत्व करने वाले सदस्य, अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व करने वाले दो सदस्य शामिल किए गए हैं।

#### बोर्ड में ये सदस्य शामिल होंगे

अशासकीय संगठन का प्रतिनिधित्व करने वाले तीन सदस्य, जिनमें एक विश्व प्रकृति निधि, 172 बी, लोधी स्टेट नई दिल्ली की ओर से नामांकित व्यक्ति, दूसरा कन्जर्वेशन कोर सोसाइटी बिलासपुर, छत्तीसगढ़ की ओर से नामांकित व्यक्ति, तीसरा नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी रायपुर, छत्तीसगढ़ की ओर से नामांकित व्यक्ति। इसके अलावा ख्यातिप्राप्त संरक्षणविदों, पारिस्थितिकीविद एवं पर्यावरणविदों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों में डॉ. आरके सिंह, सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छत्तीसगढ़ रायपुर, शिरीषचंद्र अग्रवाल, सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), छत्तीसगढ़, डॉ. एमएल नायक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, डीडीनगर, रायपुर छत्तीसगढ़, डॉ. एबी श्रीवास्तव, भूतपूर्व डायरेक्टर, स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फोरेंसिक एंड हेल्थ, जबलपुर, मध्यप्रदेश, गौरव निहलानी, अवंति विहार, रायपुर, छत्तीसगढ़, गोपाल अग्रवाल, वन्यप्राणी विशेषज्ञ, संकल्प पर्यावरण संरक्षण समिति, कचना रायपुर, छत्तीसगढ़ प्रभात दुबे, अंबिकापुर, मोहित साहू, पक्षी विशेषज्ञ, रायपुर। अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य नीलकंठ गड़े, ममता नगर, राजनांदगांव, मंगऊ कावडे, एडका, जिला नारायणपुर, छत्तीसगढ़ शामिल किए गए हैं।

# स्पॉट बिलिंग कर्मियों ने की समायोजन की मांग, इसे पूरा करवाने 5 दिवसीय हड़ताल

- समान वेतन के लिए 5300 कर्मी करेंगे एक नवंबर से आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्पॉट बिलिंग एवं मीटर रीडिंग श्रमिक ठेका कर्मचारियों को अब बेरोजगारी का खतरा सताने लगा है। स्मार्ट मीटर प्रीपैड सिस्टम लागू होने से 15 दिन मिलने वाला काम भी बंद होने की स्थिति में है। प्रदेशभर में 65 लाख उपभोक्ताओं के घर मीटर रीडिंग करने वालों को अब नौकरी जाने का डर है। अब 5300 कर्मियों ने विद्युत कंपनी से दूसरे कार्यों की जिम्मेदारी देने के साथ ही समान वेतन की मांग को लेकर कंपनी को ज्ञापन दिया है।

कर्मचारी संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने सोमवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि स्पॉट बिलिंग करने वाले कर्मियों में महिलाएं भी शामिल हैं। भविष्य में नौकरी से बाहर किया जाने का खतरा अब बड़ा रूप ले रहा है। इसे देखते हुए हमने कई बार पत्र व्यवहार और ज्ञापन के माध्यम से जिम्मेदार अधिकारियों और सरकार को जगाने का प्रयास किया, लेकिन अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

देवलाल पाटले, सतीश सोनबेर, बलराम साहू ने बताया कि अगर हमारी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो हम राज्य स्थापना दिवस के दिन से ही पांच दिवसीय काम बंद हड़ताल पर जाएंगे। इसके बाद भी हमारे साथ न्याय नहीं किया गया, तो अनिश्चित कालीन हड़ताल करने मजबूर होंगे।

# 34 नामांकन सही, 12 प्रत्याशियों के निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए 46 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। नामांकन पत्रों की सोमवार को जांच हुई, जिसमें 34 प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए। 12 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त किए गए। अधिकतर प्रत्याशियों को शपथ अपूर्ण एवं नोटिस जारी करने के बाद संशोधित शपथ पत्र प्रस्तुत न करने के कारण 11 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त कर दिए गए। वहीं एक प्रत्याशी का नामांकन मतदाता सूची की प्रमाणित उद्धहरण प्रस्तुत न किए जाने के कारण निरस्त कर दिया गया।




- कल नाम वापसी के बाद अंतिम प्रत्याशियों की सूची होगी जारी

नामांकन पत्रों की जांच के दौरान भाजपा ने कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के नामांकन पर आपत्ति जताई। उनकी आपत्ति थी कि मतदाता सूची में उनका नाम दो जगह पर दर्ज है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उनकी शिकायत को सूची में संशोधन न होने के आधार पर अस्वीकार कर दिया। अब नामांकन पत्रों की जांच पूरी होने के बाद 30 अक्टूबर को नाम वापसी के बाद चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी।

# जमीन बेचने फर्जी इकरारनामा कर 41 लाख की ठगी

**रायपुर**। खरोरा थाने में एक व्यक्ति ने एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ जमीन बेचने का झांसा देकर 41 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रॉपर्टी डीलर ने पीड़ित को सस्ती कीमत पर 40 एकड़ जमीन दिलाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस के मुताबिक, शंकर नगर, बैनियन ट्री एनक्लेव निवासी प्रवीण कुमार मलिक ने न्यू राजेंद्र नगर निवासी बृजेंद्र बहादुर सिंह के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। प्रवीण ने पुलिस को बताया कि बृजेंद्र ने उसे खरोरा स्थित भटिया गांव में 40 एकड़ कृषि भूमि प्रति एकड़ नौ लाख 51 हजार रुपए में बेचने का सौदा कर ठगी का शिकार बनाया है। प्रवीण के अनुसार, बृजेंद्र ने फर्जी इकरारनामा तैयार कर जो जमीन बेचने का सौदा किया था। उस संबंध में अखबारों में विज्ञापन प्रकाशित की गई तब असल भू-स्वामी आपत्ति दर्ज कराने प्रवीण के पास पहुंचे, तब प्रवीण को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। बृजेंद्र ने प्रवीण के साथ जमीन बेचने का सौदा 2022 में किया था।







## बिजनेस साइट

### कमल ज्वेलर्स में पारंपरिक भारतीय शिल्पकला व आधुनिकता का संगम




**बेमेतरा**। दिवाली की खरीदारियों में नगरवासी व्यस्त हैं। वहीं, जिला मुख्यालय सदर रोड स्थित कमल ज्वेलर्स सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने ग्राहकों के लिए जहां दीपावली में गिफ्ट दिया जा रहा है, वहीं कमल ज्वेलर्स सोने की ज्वेलरी कैरेट का सही भाव व चाँदी में किसी भी प्रकार की मजदूरी नहीं लेने वाले ज्वेलर्स में से एक है। कमल ज्वेलर्स शॉप के संचालक शेखर सोनी ने बताया कि हमारे यहां ग्राहकों को शुद्ध सोने, चांदी, डायमंड और कुंदन ज्वेलरी के अनगिनत विकल्प मिलेंगे। हर एक ज्वेलरी पीस को अत्यंत बारीकी से तैयार किया गया है, ताकि वह न केवल आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाए, बल्कि आपको एक विशिष्ट पहचान भी दिला सके। हमारी डिज़ाइनों में पारंपरिक भारतीय शिल्पकला और आधुनिक डिज़ाइन का संगम देखने को मिलेगा। जहां खरा सोना और सही दाम देखने को मिल रही है। उन्होंने बताया कि हर साल पुराने ग्राहकों के अलावा नए ग्राहक हमसे जुड़ते जा रहे हैं एवं यह सिलसिला इस साल भी जारी है।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

शुभ दीपावली

समस्त क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासियों को
दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज
एवं गुरुनानक जयंती
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



शिव साहू
पूर्व पार्षद एवं
उपाध्यक्ष भाजपा
शहर बेमेतरा

जिलेवासियों को
दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

न्यू कर्मा नर्सिंग एवं
डायग्नोस्टिक
सेंटर



24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा, एम.डी.डॉक्टर,
ऑपरेशन, सोनोग्राफी, ई.सी.जी., एक्स-रे की सुविधा



GNM, NM नर्सिंग स्टाफ
की आवश्यकता है।
कृपया संपर्क करें :-
9406064139



डॉ. एस.एल. निराला
(एम.बी.बी.एस., जनरल सर्जन)

डॉ. संजय कुमार
(एम.डी. रेडियोलॉजिस्ट)

डॉ. शशिकांत राजपूत
(मनोरोग चिकित्सा)

डॉ. सादिक कुरैशी
(एम.डी. फिजिशियन)

न्यू बस स्टैण्ड, साहू पारा, बेमेतरा (छ.ग.)

समस्त क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासियों को
दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

अपना गुड्स
ट्रांसपोर्ट




बेमेतरा, छत्तीसगढ़
मो. 9425561642



समस्त क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासियों को
दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

मेसर्स ए.पी. अग्रवाल
बिल्डर एवं कान्ट्रेक्टर

प्रोपाराईटर : डी.के. अग्रवाल
नगरपालिका कॉम्प्लेक्स, मेन रोड, बेमेतरा (छ.ग.)

# अंचल में दिख रही छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा, घर-घर सुआ नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अंचल में दीपावली पर्व के पूर्व सुआ नृत्य की हलचल शुरू हो चुकी है। सुआ नृत्य की प्राचीन परंपरा को आज भी महिलाओं और बालिकाओं ने जिंदा रखा है। सुबह से देर शाम तक घरों में सुआ नृत्य के लिए, महिला व बालिकाओं की टोलियां दस्तक दे रही हैं।

इससे पर्व की रौनकता बढ़ती जा रही है। दीपावली पर्व के पूर्व सुआ नृत्य की हलचल शुरू हो चुकी है। इससे पर्व की रौनकता बढ़ती जा रही है। बीच में सुआ रखकर उसके चारों ओर परिक्रमा करते हुए सुआ नृत्य व शिव-पार्वती, गणेश, राम-सीता, लक्ष्मण पर आधारित गीत गाती हैं। गांव के देवी-देवताओं को गीतों के माध्यम से याद कर खुशहाली की कामना कर रही हैं। अंडा क्षेत्र सहित अंचल के चिंगरी, अछोटी, भरदा, कुथरेल, कोनारी, चंदखुरी, कोल्हापुरी, जंजगिरी, डौकीडीह, ओटेबंद, सिरसिदा, परसदा, डगनिया, नाहंदा,गुरेदा, सलौनी,देवरी, खप्परवाड़ा, विनायकपुर, आमटी, आलबरस, भिलाई चीचा, ओडारसकरी, मटिया, देवगहन, निकुम, झोला, तिरगा, भोथली, अंजोरा, सरमदा, गनियारी, नगपुरा,बोरई, सहित कई गांवों में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व सांस्कृतिक सुआ गीत नृत्य की धूम मची हुई है। सप्ताह भर पूर्व से सुआ नर्तक दल नृत्य और मनमोहक गीत से आशीष देने पहुंच रहे हैं।

## दीपावली पर्व पर गांवों के अलावा शहरी क्षेत्रों में भी गूंज रहा सुआ गीत




### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर किरण, रूखमणी, मालती, सकुन, कमला, अनुसुइया, सीता, तुलसी, द्रौपदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### गीत गाकर और ताली बजाकर करती हैं नृत्य

इन दिनों महिला व छोटे बच्चों से लेकर बड़े लोगों की सुआ नर्तक टोली गांव व शहर में लोगों के घर आंगन, दुकानों में नृत्य कर आशीष देती नजर आ रही हैं। सुआ नृत्य छत्तीसगढ़ की परंपराओं में से एक महत्वपूर्ण नृत्य है। पर्व विशेष को लेकर छोटी-छोटी बालिकाएं साड़ी पहनकर सुआ नृत्य करने पहुंच रही हैं। सुआ नृत्य के लिए बच्चियों के अलावा महिलाओं का समूह भी हिस्सा ले रही हैं। गीत गाकर और ताली बजाकर नृत्य करती हैं। गांवों में यह प्रथा अब भी कायम है। महिलाएं गांव के देवी मंदिर, कुल देवी व धार्मिक स्थल, घर के सामने और आंगन में नृत्य प्रस्तुत करती हैं। त्योहार की खुशी जाहिर करने की यह एक परंपरा है। जिसमें लोग अपनी क्षमतानुसार रुपए, अनाज, उपहार देते हैं।

## खबर संक्षेप

### ओडार सकरी में मोर मयारू संगी की प्रस्तुति 2 नवंबर को

**अंडा।** दीपावली महोत्सव एवं गोवर्धन पूजा के अवसर पर लोक संस्कृति कला मंच, मोर मयारू संगी, ग्राम टेरेसरा, राजनांदगांव का कार्यक्रम 2 नवंबर को ग्राम ओडारसकरी, अर्जुन्दा में रखा गया है। युवा संगठन अध्यक्ष चेमन सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन संगठन द्वारा सभी ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

### दुर्ग व भिलाई निगम के आयुक्त बदले गए, जिपं की कमान बजरंग को

**भिलाई।** सामान्य प्रशासन छत्तीसगढ़ शासन ने दिवाली से पहले राज्य प्रशासन सेवा के 22 अधिकारियों का ट्रांसफर आदेश जारी किया है। सोमवार की देर शाम यह आदेश जारी किया गया। इसमें दुर्ग जिले के 5 अधिकारी बदले गए हैं। भिलाई निगम के निगम के आयुक्त की जिम्मेदारी राजीव कुमार पांडेय को सौंपी गई है। फिलहाल वे अपर कलेक्टर रायगढ़ हैं। इसी प्रकार दुर्ग निगम के आयुक्त लोकेश चंद्राकर का ट्रांसफर कर दिया है। उन्हें मंत्रालय भेज दिया गया है। उनकी जगह दुर्ग निगम का आयुक्त सुमीत अग्रवाल को बनाया गया है। सुमीत इस समय जिला पंचायत कांकेर के सीईओ हैं। इसी प्रकार बजरंग दुबे अपर कलेक्टर दुर्ग को जिला पंचायत दुर्ग का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है। वहीं वर्तमान सीईओ अश्वनी देवांगन को मंत्रालय भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से कुछ अधिकारी लंबे समय से दुर्ग जिले में जमे हुए थे। इसके कारण उनका ट्रांसफर किया गया है। सभी को तत्काल नई जगह पर चार्ज लेने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश अवर सचिव क्लेमेंटीना लकड़ा ने जारी किया है।

### राजनीतिक घमासान के कारण 59 काम निरस्त

**दुर्ग।** नगरनिगम के वार्डों में विकास कार्य के लिए मंगाए गए टेंडर को आखिर निगम प्रशासन द्वारा निरस्त कर दिया है। नगर निगम दुर्ग में 59 कार्यों के टेंडर प्रक्रिया को लेकर घमासान के बाद आखिरकार निगम को उसे निरस्त करना पड़ा। लगातार शिकायत के बाद निगम प्रशासन बैकफुट पर आया। जनदर्शन और सामान्य सभा में पार्षद अरूण सिंह द्वारा मामले को उठाया गया था। निगम प्रशासन पर कमीशनखोरी का भी आरोप लगा। निगम प्रशासन ने टेंडर निरस्त करने का फरमान जारी कर दिया है। अब नए सिरे से 59 कार्यों के लिए दूसरी बार टेंडर कॉल किया गया है। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई है। निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 5 नवंबर है। जमा करने की अंतिम तिथि 11 नवंबर,12 नवंबर को ओपन होगा।

## बैठक : कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में जिलेभर से पहुंचे कई नागरिक

# कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टोरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर पहुंचे। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। आज के जनदर्शन में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों को समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 11 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा जनदर्शन में लगभग 50 से अधिक हितग्राहियों ने अपने-अपने पीएम आवास के स्वीकृत और अस्वीकृत की स्थिति की जानकारी के लिए जनदर्शन में पहुँचे थे। इस दौरान तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं, गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दिए।

### पीएम आवास से लेकर पेंशन तक के लिए आवेदन

इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे लोगों में से तहसील बेमेतरा के ग्राम बीजाभाट के समस्त ग्रामवासी ने भारतीय डाक बैंक के कर्मचारी द्वारा खाता व पैसा लेकर भाग जाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील साजा के ग्राम बोरतरा के निवासी जागेश्वर ने कब्जा दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील थानखम्हरिया के ग्राम गोपालपुर के निवासी ईश्वर चंद्राकर ने अपनी पत्नी स्व. गंगोत्री चंद्राकर की कुएं में गिरकर आकस्मिक मृत्यु की अनुदान राशि प्रदान किये जाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील साजा के ग्राम कंदई के निवासी धर्मेन्द्र सेन ने घर में चोरी जल्द से जल्द कार्यवाही करने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील साजा के ग्राम भेण्डरवानी निवासी चम्पा बाई ने प्रधानमंत्री आवास के संबंध में आवेदन दिया, तहसील नांदघाट के ग्राम पंचायत भोपसरा के सरपंच व समस्त पंच ने अतिक्रमण नहीं हटाने व निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिये जाने की वजह से त्वरित अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल दिलाने, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. अनिल वाजपेयी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# महतारियों के मोबाइल पर आता है खुशियों का नोटिफिकेशन : प्रज्ञा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ की 70 लाख विवाहित महिलाओं के जीवन में महतारी वन्दन योजना से नया उजाला आया है। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने जिला मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बावा मोहतरा में महतारी वन्दन से लाभान्वित महिलाओं से जाकर उनका हाल चाल जाना। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के खाते में आ रहे हर माह के हजार रुपये के उपयोग के विषय में चर्चा की। बड़े उत्साह के साथ रानी यदु ने बताया कि मैं इन पैसों को सहेज कर रखती हूं और जब रायपुर से मेरी बेटी और दामाद आते हैं तो अपने नाती नतुरों के लिए उपहार लेती हूं मुझे इतनी खुशी मिलती है कि मैं अपने पैसों से यह सब कर रहीं हूँ। मीनाक्षी देवदास बताती हैं कि मैं भी अब मौसमी फल लाकर जूस निकाल कर अपने और बच्चों के सेहत में खर्च करती हूं। अहिल्या यादव की आँखे खुशियों से कुछ नम हैं, वे कहती हैं कि बीमार पड़ने पर दवाइयों के लिए उधार नहीं मांगना पड़ता। ये सिर्फ पैसे नहीं हैं, दवा और दुआ दोनों हैं। कुमारी साहू, हीरा साहू, सरिता साहू कहती हैं कि सास, बहू, देवरानी, जेठानी सब को मिलता है महतारी वन्दन का पैसा। गाँव में लगने वाले हाट बाजार में अब हम भी गुपचुप चाट और जलेबियों का शौक पूरा करते हैं। सावित्री यादव कहती हैं पैसे ही नहीं महिलाओं का श्रृंगार है। टिकली, फुंदरी, इस्नो पाउडर के लिए ताकना नहीं पड़ता। दमयंती ने कहा कि मैं अपने और बेटी के लिए अब उन दिनों के लिए मेडिकल से खरीद अच्छी नेपकिन उपयोग करती हूँ। हम भी शहरी महिलाओं से अब कम थोड़ी हैं। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने महिलाओं से कहा कि जब तक विष्णुदेव सरकार है, हम महिलाओं को मोबाइल पर खुशियों का नोटिफिकेशन मिलता रहेगा। प्रज्ञा निर्वाणी ने महिलाओं को खुशियों के नोटिफिकेशन की कहानी संग्रह भेंट की।

■ जिपं सदस्य ने ग्राम बावा मोहतरा में महतारी वंदन योजना की लाभार्थियों से की बातचीत

## देश की एकता व अखंडता के लिए लोगों ने लगाई दौड़

**बालोद ।** देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता का संदेश प्रसारित करने के लिए रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। सरदार पटेल मैदान में पटाखा दुकान लगने के कारण यह आयोजन जय स्तंभ चौक के पास किया गया। इसे लेकर नगर में दिन भर चर्चा होती रही। उल्लेखनीय है कि देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिला प्रशासन द्वारा 31 अक्टूबर को दीपावली त्यौहार के अवकाश को ध्यान में रखते हुए 29 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला मुख्यालय बालोद के जयस्तंभ चौक में आयोजित समारोह के अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने एवं इसके लिए स्वयं को समर्पित करने की शपथ दिलाई। उपस्थित लोगों ने अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना योगदान देने की भी शपथ ली।

## कनेरी में उसना राइस मिल लगाने की तैयारी ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम कनेरी में उसना राइस मिल लगाने की तैयारी हो रही है। ग्रामीणों ने बिना सूचना दिए अनापत्ति प्रमाण पत्र देने का आरोप लगाते हुए उसे तत्काल रोकने की मांग करते हुए कलेक्टर से शिकायत की है।

ग्राम विकास समिति कनेरी के अध्यक्ष हेमलाल उइके ने बताया कि हमारे ग्राम कनेरी में ग्राम पंचायत द्वारा उसना राइस मिल के लिए जिनकुशल एग्रोटेक नामक फर्म को ग्रामीणों को बिना सूचना दिए पंचायत प्रस्ताव बनाकर अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया था। परंतु इस घटना की जानकारी होने पर किसानों व ग्रामवासियों द्वारा प्रदूषण की आशंका से विरोध करते हुए 21 अक्टूबर को ग्रामीण बैठक बुलाई गई। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार 26 अक्टूबर को जिन कुशल एग्रोटेक नामक फर्म को दिए अनापत्ति प्रमाण पत्र को सर्वसम्मति से खारिज किया गया है।

ग्राम पंचायत कनेरी द्वारा खारिज की गई प्रस्ताव की कॉपी रजिस्ट्री के माध्यम से संबंधित फर्म के मालिक तक प्रेषित कर दी गई है।

# समाज के लिए भूमि खरीदी में सहयोग देने वाले दानदाताओं का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

रविवार को तहसील साहू सदन गुण्डरदेही में जमीन खरीदी के लिए दान देने वाले विशेष दानदाताओं का तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा दानवीर भामाशाह सम्मान पत्र भेंटकर सम्मान किया गया।

■ रविवार को तहसील साहू सदन गुण्डरदेही में हुआ कार्यक्रम

कार्यक्रम में प्रदेश साहू समाज अध्यक्ष टहल साहू, जिला अध्यक्ष सोमन साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू सहित समाज के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि गुण्डरदेही तहसील साहू सदन से लगी 9 डिसमिल जमीन को तहसील साहू संघ व परिक्षेत्रिय साहू समाज के पदाधिकारियों ने तहसील के समस्त साहू समाज के पदाधिकारी व ग्रामीण पदाधिकारियों की सहमति व अंशदान लेकर एवं विशेष दानदाताओं से सहयोग लेकर खरीदा है। इस जमीन खरीदी करने में आर्थिक व अन्य सहयोग करने वालों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान तहसील अध्यक्ष डॉ मानसिंह सार्वा ने कहा कि समाज का कोई भी बड़ा कार्य सहयोग के बिना नहीं हो सकता। इसी प्रकार से सहयोग लेकर कार्य किया गया है, जिसमें सहयोग करने वालों का सम्मान करने का यह अवसर मिला है।

### समाज को आगे बढ़ाने के लिए संगठित होकर कार्य करना आवश्यक : रमशीला

पूर्व मंत्री रमशीला साहू ने कहा कि अगर समाज को आगे बढ़ाना है, तो संगठित होकर कार्य करना होगा। संगठन ग्रामीण स्तर से तैयार होना चाहिए, क्योंकि सामाजिक व्यक्ति गांवों में ज्यादा रहते हैं, जो अभी भी सामाजिक रूप अपेक्षित हैं, उनको आगे लाने की ज्यादा जरुरत है। गांवों के पुरुषों में कार्य करने की जो सोच है, वहीं सोच महिलाओं में भी होना चाहिए इसे जागरूक करने की जरूरत है। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष सोमन साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर तहसील व परिक्षेत्रीय पदाधिकारी व ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### समाज के उत्थान के लिए करें कार्य

मुख्य अतिथि टहलसिंह साहू ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग की सोच रखने वाले व्यक्ति ही समाज को आगे बढ़ाते हैं, जो व्यक्ति सहयोग लेकर सर्वहित की भावना को लेकर काम करेगा वही सफल होगा और उसके नेतृत्व में समाज आगे बढ़ेगा जो भी व्यक्ति पद पर है वो समाज के उत्थान के लिए कार्य करे। समाज में काम करने का जो अवसर आज मिला है, उसको खाली न जाने दें उसे मिलजुल कर काम करने का प्रयास करें।

**समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए तैयारियों के निर्देश**

# जिला मुख्यालय में पांच नवंबर को राज्योत्सव पर होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने शासन के सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश भी दिए। जिससे की शासन के मंशानुरूप आम जनता को इन महत्वाकांक्षी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। बैठक में चन्द्रवाल ने जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने अधीनस्थ अधिकारी–कर्मचारियों के साथ जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने 05 नवंबर को जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम आयोजित में होने वाले जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को भव्य एवं गरिमामय राज्योत्सव के समारोह के आयोजन के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में विकास कार्यों पर आधारित विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को आयोजन स्थल में कार्यक्रम के गरिमा के अनुरूप सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

### शिक्षकों की कमी दूर करने शिक्षा मित्र के विकल्प पर विचार

बैठक में चन्द्रवाल ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से जिले के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में शिक्षकों की कमी को दूर करने हेतु शिक्षा मित्र आदि वैकल्पिक व्यवस्था के उपायों के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से बहुत हद तक प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में शिक्षकों की कमी को दूर किया जा सकता है। बैठक में चन्द्रवाल ने 14 नवंबर से प्रारंभ हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को जिले में धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक कराने के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# 4 किलो गांजा के साथ युवक पकड़ाया, बाइक भी जब्त



**डौंडीलोहारा।** पुलिस ने रविवार देर शाम लगभग 6 बजे ग्राम तरौद की ओर से खरखरा नहर नाली होते हुए आ रहे बाइक सवार को ग्राम चिल्हाटीकला के पास अवैध रूप से गांजा ले जाते हुए पकड़ा। टीआई वीणा यादव व एएसआई अनितराम यादव ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर चिल्हाटीकला के पास खरखरा नहर नाली के पास ग्राम तरौद निवासी अशोक चौरे 48 वर्ष अपनी बाइक क्रमांक सीजी 24 ई 6296 से अवैध रूप से गांजा बिक्री के लिए ले जाते हुए गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक छींटदार झोले में एक पैकेट में 4 किलो मादक पदार्थ गांजा की जब्ती बनाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत 32000 रुपए है। वहीं, बाइक जिसकी कीमत 46000 रुपए सहित कुल मिलाकर 78000 रुपए को जब्त करने की कार्रवाई की गई। आरोपी के खिलाफ धारा 20 बीएनडीपीएस के तहत कार्रवाई करते हुए सत्र न्यायालय बालोद में पेश किया गया है। एक अन्य कार्यवाही में अवैध रूप से शराब ले जाते हुए आरोपी को पकड़ा गया। प्रधान आरक्षक अरविंद यादव ने बताया कि मुख्य मार्ग पर ग्राम संबलपुर के पास रविवार को देर शाम ग्राम खैरा निवासी केवल सिंह 38 वर्ष को 23 पव्वा देशी शराब अवैध रूप से बिक्री के लिए ले जाते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34,(1) (ख) के तहत कार्रवाई की गई।

## स्व सहायता समूह की अध्यक्ष पर गबन का आरोप, कलेक्टर से शिकायत

**बालोद।** स्व सहायता समूह से जुड़कर विभिन्न कार्यों के दौरान प्राप्त राशि को गबन करने का आरोप समूह के अध्यक्ष पर लगा है। समूह के सदस्यों ने कलेक्टर से मामले की लिखित शिकायत कर जांच करने और कार्रवाई की मांग की है। मामला ग्राम बेलमाण्ड का है। जय दुर्गा स्वच्छता समूह की महिलाओं द्वारा गोधन न्याय योजना के तहत वर्मी खाद निर्माण एवं मध्यान्ह भोजन का संचालन किया जा रहा था। समिति के सदस्यों ने अध्यक्ष केकती बाई साहू पर समिति की राशि में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। सदस्यों ने शिकायत के दौरान बताया कि अध्यक्ष समिति में मनमानि करते हुए समिति के सदस्यों को समूह का हिसाब देने से मना कर रही है। समूह की महिलाओं का आरोप है कि समिति की अध्यक्ष द्वारा लगभग 1,50,000 का हिसाब समिति को नहीं दिया जा रहा है।

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

जलने के बाद
पुन :निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


4 रात व 5 दिन
Ex जम्मू
28 नवंबर से 02 दिसंबर 2024, 23 जनवरी से 27 जनवरी 2025
20 फरवरी से 24 फरवरी 2025, 13 मार्च से 17 मार्च 2025
10 अप्रैल से 14 अप्रैल 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411